पत्रांक–07 / नि०बि०–22–02 / 2026 3048

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

कुमार निशांत विवेक, भा०प्र०से०,
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

सेवामें,

निदेशक,
सूचना एवं जन संपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 29/10/26

विषय : **अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी (PTM) संबंधी विज्ञापन समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कहना है कि 31 अक्टूबर, 2026 को राज्य के सभी विद्यालयों में **"स्वच्छता हमारी संस्कृति"** थीम पर अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है।

अतः संलग्न विज्ञप्ति प्रारूप के अनुसार दिनांक **30 अक्टूबर, 2026** को राज्य के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में अभिभावक शिक्षक–संगोष्ठी संबंधी विज्ञापन प्रकाशित कराने की कृपा की जाए, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक इस संगोष्ठी में उपस्थित हो सकें।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(कुमार निशांत विवेक)
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

ज्ञापांकः–07 / नि०बि०–22–02 / 2026 3048 पटना, दिनांक 29.10.26

प्रतिलिपि :आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

शिक्षा विभाग

अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी (PTM)



31/10/26
स्थान : विद्यालय परिसर

प्रिय अभिभावकगण,
राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (PTM) का आयोजन किया जा रहा है। इस माह की संगोष्ठी की थीम "स्वच्छता हमारी संस्कृति" है।

संगोष्ठी के प्रमुख उद्देश्य एवं गतिविधियाँ

स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण

- स्वच्छता, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन।

ई-कचरा प्रबंधन

- ई-कचरे के सुरक्षित निपटान एवं एकत्रीकरण के प्रति विद्यार्थियों और अभिभावकों को जागरूक करना।

सामुदायिक सहभागिता

- अभिभावकों, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना।

विद्यार्थियों की प्रगति एवं स्वास्थ्य

- विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर अभिभावकों से चर्चा करना।

नियमित उपस्थिति एवं गृहकार्य


- विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और गृहकार्य की समीक्षा करते हुए अभिभावकों को उनकी पढ़ाई में सहयोग के लिए प्रेरित करना।

घर पर अध्ययन का अनुकूल वातावरण

- विद्यालय अवधि के बाद घर पर नियमित अध्ययन के लिए एक अध्ययन कोना (Study Corner)विकसित करने हेतु अभिभावकों को प्रोत्साहित करना।







PTM में आपकी सहभागिता अति आवश्यक है !